हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 18 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 30. 0 डिग्री

4 नई शिक्षा नीति के तहत दो चरणों में दिया गया प्रशिक्षण



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता हैं
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## अवैध उत्खनन व परिवहन के साथ अब चल रहा डंपिंग का खेल

# बरसात के पहले सक्रिय हुए माफिया जगह-जगह बना रहे रेत का पहाड़





महानदी में मशीन से हो रहा रेत उत्खनन तथा तटीय इलाके में इस तरह से कर रहे डंपिंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बरसात शुरू होने के पहले नदियों का सीना छलनी करने वाले माफिया एक बार फिर से जिले में सक्रिय हो गए है। स्थिति यह है कि अवैध उत्खनन और परिवहन के साथ अवैध रूप से रेत डंप करने का खेल शुरू हो गया है। सारे नियमों को ताक पर रखकर तटीय इलाके में जगह जगह सैकड़ों गाड़ियां रेत डंप किया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार खनिज विभाग के साथ प्रशासनिक अमला आंख मूंदे बैठा है।

गौरतलब है कि जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला बेखौफ हो रहा है। जिले के बलौदा, हथनेवरा, पीथमपुर, शिवरीनारायण, केरा, सिंघल, नवागढ़ रोगदा आदि क्षेत्रों में शासन प्रशासन के सारे नियमों को धता बताकर मशीनों से रेत का उत्खनन और परिवहन करने का काम निर्बाध गति से चला रहा है, तो वहीं अब बरसात को लेकर रेत डंप करने का सिलसिला शुरू हो गया है। नदियों में बड़ी बड़ी मशीनें लगाकर रेत का उत्खनन करके ना केवल आर्डर पर सप्लाई किया जा रहा है, बल्कि बारिश के दिनों में रेत की डिमांड को देखते हुए तटीय इलाकों में सैकड़ों गाड़ियां रेत डंप करने का काम हो रहा है। रेत डंपिंग का खेल ना केवल जांजगीर जिले में बल्कि नवगठित जिला सक्ती में महानदी,मांड व बोराई का सीना छलनी करके रेत डंप करने का काम हो रहा है। यहां के मिरौनी क्षेत्र में भारी भरकम मशीन लगाकर दिन रात रेत निकालने का काम हो रहा है और कई जगह पर डंपिंग करके रेत का पहाड़ बना दिया गया है। खास बात यह है कि रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने में नाकाम जिम्मेदार विभाग डंपिंग को लेकर भी किसी प्रकार गंभीर नहीं है। लिहाजा शासन प्रशासन और पर्यावरण विभाग के नियमों को दरकिनार कर रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के साथ डंपिंग का खेल धड़ल्ले से हो रहा है।

### मशीन से कर रहे नदियों का सीना छलनी

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थिति यह है कि ना केवल ग्रामीण क्षेत्र में बल्कि शहरी इलाकों में भी बड़ी बड़ी मशीनें लगाकर माफिया महानदी का सीना छलनी कर रहे है। यह बात अलग है कि दिखाने के तौर पर कार्रवाई करने वाला विभाग किसानों के ट्रैक्टरों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा लेता है, लेकिन बड़ी बड़ी चैन माउंटेन मशीन और विशालकाय हाइवा बेखौफ उत्खनन व परिवहन कार्य में लगे होते है। टेंपल सिटी शिवरीनारायण और इसके आसपास के इलाके में मशीनों से रेत उत्खनन और बड़ी गाड़ियों से परिवहन का नजारा रोज की बात है। इन दिनों शिवरीनारायण में रेत माफिया फिर से सक्रिय हो गए है और अवैध कारोबार धड़ल्ले से कर रहे है। रेत माफिया खुलेआम अपने हाइवा में रेत भरकर रेत बेच रहे हैं। नदी में चैन माउंटेन का उपयोग बेखौफ हो रहा है। एनजीटी व शासन की ओर से रेत खनन पर रोक लगे होने के बावजूद शिवरीनारायण, पामगढ़, मुलमुला होते बिलासपुर की ओर सड़कों पर रेत लोड हाइवा बेखौफ दौड़ते रहते है। महानदी के तटीय इलाकों में संचालित अवैध रेत घाटों पर मशीनों का उपयोग ना केवल रात में बल्कि दिन में भी धड़ल्ले से हो रहा है।

### की जाएगी कार्यवाही

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है रेत के अवैध डंपिंग पर भी जानकारी लेकर कार्यवाही करेंगे

-हेमंत चेरपा,
जिला खनिज अधिकारी
जांजगीर चांपा

# डकैती, हथियार से लैस आरोपियों ने आनलाइन ले ली रकम, 4 गिरफ्तार

## चांपा में हुई वारदात, 3 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क किनारे पिकअप खड़ी करके रूके पोल्ट्री फार्म संचालक को हथियार से लैस युवकों ने घेर लिया। उन्होंने चाकू व तलवार की नोंक पर ना केवल मारपीट की, बल्कि आनलाइन 1 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 4 आरोपियों को धर दबोचा। वहीं बाकी के 3 फरार है। घटना चांपा थाना अंतर्गत ग्राम महुआ की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेश कुमार पिता श्याम सुन्दर पटेल उम्र 34 वर्ष सा. बुढनपुर थाना नगरदा जिला सक्ती ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने स्वयं के पिकप वाहन क्र. सीजी 13 एबी 6480 से 17 जून को मुर्गा लेने के लिए अपने हेल्पर रामकिशन के साथ ग्राम महुदा थाना चाम्पा आये थे। वे सुबह 4 बजे द्वारिका प्रसाद के पोल्ट्री फार्म ग्राम महुदा पहुंचे तो पोल्ट्री फार्म बंद था। ऐसे में वे गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी करके सो गए थे। इस दौरान करीबन 4:30 बजे तीन मोटर सायकल मे सवार 6-7 व्यक्ति आये और पिकप वाहन के दरवाजा को खोलकर प्रार्थी व रामकिशन को डंडा से मारपीट करने लगे। वे डरा धमकाकर गाड़ी को ले जाने लगे। वहीं हथियार की नोंक पर प्रार्थी व उसके साथी को भी जबरदस्ती बैराज की ओर ले गए। जहां मारपीट की और डरा धमकाकर मोबाइल छीन लिया। इसके बाद पासवर्ड लेकर आनलाइन खाते से 70 हजार रुपए अपने नाम में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने प्रार्थी को धमकाकर 40 हजार रुपए आनलाइन और लिए उसके बाद वे वहां से फरार हो गए। घटना के बाद प्रार्थी थाना पहुंचा और उसने रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम हरकत में आई और जांच पड़ताल शुरू की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन में चांपा पुलिस टीम ने सायबर सेल की मदद से आरोपी मोनू उर्फ प्रशांत चौहान पिता कुश चौहान उम्र 23 वर्ष पता संजय नगर चाम्पा, मुकेश कर्ष पिता जीवराखन कर्ष उम्र 23 वर्ष पता संजय नगर चाम्पा, राजू चौहान पिता लखन चौहान उम्र 32 वर्ष पता लछनपुर जांजगीर एवं प्रलय प्रधान पिता राधेश्याम प्रधान उम्र 34 वर्ष पिता संजय नगर चांपा को पकड़ा। पूछताछ पर उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। इस दौरान डकैती की रकम 94 हजार, मोटर सायकल व घटना मे प्रयुक्त हथियार को जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में 3 आरोपी फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है। इसके अलावा इन्हीं में से कुछ आरोपियों ने शंकर नगर चांपा में भी घर घुसकर तोडफोड़ व मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जिनके उसके खिलाफ धारा 452, 294, 506, 323,427, 34 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में डा. नरेश पटेल, कमलदास बनर्जी, राकेश सूर्यवंशी दिलीप सिंह, तीजराम जांगडे, जीतेन्द्र परिहार, प्रकाशचंद राठौर, शंकर राजपूत, माखन साहू, डिकेश्वर साहू, नितिन व्दिवेदी, रूपनारायण बरेठ तथा पारस पटेल, रामप्रसाद बघेल, मनोज तिग्गा एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

## खबर संक्षेप

### मत्स्याखेट करने पर लगेगा 10 हजार का जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उक्त अवधि में क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम - 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### महिला चिकित्सक पद के लिए आवेदन 20 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छात्रावास व आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना वर्ष 2007 के अनुसार छात्रावास व आश्रमों के लिए मानदेय के आधार पर जिला जांजगीर-चांपा के निजी प्रैक्टिशनर उपाधि वाले 1 महिला चिकित्सक की माह जुलाई से अप्रैल तक के लिए आवश्यकता है, जिसके लिए 20 जून को शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर में आमंत्रित किये गये हैं।

### भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन कल

**जांजगीर-चांपा।** राज्य की भाजपा सरकार की नाकाम प्रशासनिक नीति व लचर कानून व्यवस्था के चलते जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में घटना घटित हुयी है इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि जिसका परिणाम जिले के आम जनता एवं निर्दोषजन को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिस लचर व्यवस्था के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा तत्वावधान में 18 जून मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे से कचहरी चौक जांजगीर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।धरना कार्यक्रम के प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी व पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह , विधायक जांजगीर चांपा व्यास कश्यप विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश रमेश पैगवार कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए 26 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** तहसील पामगढ़ के नगर पंचायत खरौद, ग्राम बिलारी एवं ग्राम रसौटा के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन करने हेतु ग्राम पंचायत, वन समिति, महिला स्व सहायता समूह, अन्य पात्र संस्थाओं से आवश्यक दस्तावेज व प्रस्ताव सहित 26 जून तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) पामगढ़ आवेदन में आमंत्रित किया गया है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन, सवा सौ से अधिक वाहन चालकों पर ठोंका जुर्माना



वाहन चालक की जांच करते यातायात के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियमों का उल्लंधन करने वाले वाहन चालको के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रेफिक पुलिस ने सघन जांच की। इस दौरान सवा सौ से अधिक वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए साढ़े 48 हजार से अधिक का संमन शुल्क वसूल किया गया। इसके अलावा शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 6 लोगों को पकड़कर उनकी गाड़ियां जब्त की गई और उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

रविवार 16 जून को यातायात अमले ने वाहनों की सघन जांच पड़ताल की। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा ही है। इसी क्रम में 16 जून को वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान जिला मुख्यालय जांजगीर के विभिन्न चौक चौराहों पर बड़ी संख्या पर वाहन चालकों को रोका गया और उनके दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान 128 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इनमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए 48 हजार 5 सौ रुपए का संमन शुल्क वसूल किया गया। इसके अलावा जांच पड़ताल के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 चालक भी पकड़ में आए। उनके खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उनकी गाड़ियां जब्त की गई और उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। बहरहाल पुलिस की सघन जांच से वाहन चालकों में हडकंप मचा हुआ है। शराब पीकर वाहन चलाना एवम अलग-अलग धाराओं के तहत वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।।

## खरीफ की तैयारी...



**जांजगीर-चांपा।** कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में किसानों ने खरीफ फसल की तैयारी शुरू कर दी है।फोटो : हरिभूमि

### कोसमन्दा गांव में मिली व्यक्ति की सड़ी गली लाश

**जांजगीर-चांपा।** जिले के चांपा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसमन्दा के नावा तालाब के पास छोटे नहर के समीप पास अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव काफी दिनों पुराना बताया जा रहा है तथा वह क्षत विक्षत हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही चाम्पा थाना के पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी अज्ञात शव का पता तलाश जारी हैं। पुलिस के मुताबिक कुछ अंग भी नहीं है। अनुमान लगाया जा रहा है कि लावारिस शव को कुत्तों ने नोंच डाला है। बहरहाल पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

# खेत में लगे लोहे के एंगल चोरी, चोर व खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खेत में लगे लोहे का एंगल चोरी करने वाले आरोपी समेत चोरी का सामान खरीदने वाले खरीददार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6. जून को प्रार्थी रामकुमार राठौर निवासी सारागांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि खेत में लगे 12 नग लोहे का एंगल वजनी करीब 72 किलो कीमती 3000 रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना सारागांव में धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। इस दौरान पुलिस ने जयचंद संवरा व मनोज साहू दोनो निवासी सारागांव थाना सारागांव को पकड़ा। पूछताछ पर उन्होंने एंगल की चोरी और उसे सारागांव निवासी योगेश देवांगन के कबाड़ी दुकान में बेचना बताया। पुलिस ने उक्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा।

## हर दिन बनी रहती है दुर्घटना की आशंका, जिम्मेदार साधे है मौन

# सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम पंचायत तुस्मा के सबरिया डेरा में आए दिन मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलते वाहन चालकों सहित राहगीरों को काफी परेशानी होती है। वहीं हर पल दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए है।

ज्ञात हो कि नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के सबरिया डेरा में सैकड़ो मवेशियों की सड़क पर जमावड़ा होने से आवा जाही करने वाले राहगीर परेशान हो रहे है। आवारा मवेशियों की सड़क पर जमावड़ा होने से आय दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से सटे गांव तुस्मा में के सबरिया डेरा में सैकड़ो मवेशियों की जमावड़ा हो जाने के बाद रास्ते अवरुद्ध हो जाते है जिसके पश्चात आवागमन करने में लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। कई बार तो स्थिति ऐसी भी आ जाती है कि रास्ते में बैठे बैल भी अपनी सिंग से आवागमन कर रहे लोगो को ही मार देते है और फिर लोग बाइक की डगमगाने जाने से घटना के शिकार हो जाते है। मजे की बात यह कि इन बेजुबान मवेशियों के की देख भाल करने वाले कोई नही है। खास बात यह कि सबसे ज्यादा मवेशियों का जमावड़ा तुस्मा का मुख्य मार्ग के सड़क पर मवेशियों का जमावाडा रहता है। इसके पश्चात सबरिया डेरा में इसके अलावा सड़क पारा में रहता है। विदित हो कि मवेशियो के आपस में भिड़ जाते है और मवेशी स्वयं चल रहे कार और बाइक में जा कर टकरा जाते है। जिसकी वजह से आम नागरिक दुर्घटना के शिकार हो जाते है लेकिन कोई भी जिम्मेदार विभाग की इस ओर नजर तक भी नही पड़ती है। सड़क पर बैठे वाहन चालक कितना भी हॉर्न बजा ले लेकिन मवेशी रास्ते से हटने का नाम नही लेते है, जब तब मवेशी हटते नही है जब तक की वाहन चालक को नीचे उतरकर उन्हें सड़क किनारे ना कर दे। दिन हो या रात राहगीर खासे परेशान है।



तुस्मा के सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा।

### बार - बार बिजली बंद होने से नगरवासी हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** अघोषित बिजली कटौती से नगर के लोग इन दोनों खास से परेशान हैं। ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा जिस दिन बिजली बंद ना हो। बिजली बंद होने का कोई समय तय नहीं है। सुबह हो, दोपहर हो, शाम या रात हो किसी भी समय बिजली बंद कर दी जा रही है। इधर लोगों का उमस भरी गर्मी से बुरा हाल है। गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। बार-बार बिजली कटौती से नागरिक अच्छे खासे परेशान हो गए हैं। बिना जानकारी के बिजली कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी सहित अन्य जरूरतों के लिए पानी की समस्या भी हो रही है। भीषण गर्मी में कूलर पंखे बंद होने से लोगों की बेचैनी बढ़ जाती है। बिजली कटौती के साथ ही लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है।

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
R1
BCA BBA B.COM
MSC MSW PGDCA
B.ED M.ED D.ED
B.SC (CS / MATHS / BIOTECH)
ACHIEVE YOUR FUTURE WITH US
90161 13333
Deepak Advts.

खबर संक्षेप




## जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर रक्तदाता सम्मान समारोह एवं रक्तदान के लिउ शपथ ब्लड बैंक, स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंध इंदिरा गांधी चिकित्सालय कोरबा में किया गया। जिसमें से छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के छात्र, कमला नेहरू कॉलेज के छात्र, छत्तीसगढ़ हेल्प एवं वेलकेयर सोसाइटी कोरबा एवं प्रधान डाकघर कोरबा के अधिकारी एवं कर्मचारी, जीएमसी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लिए गया। शिविर का उद्घाटन डॉ.एसएन केसरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा, डॉ. दुर्गा शंकर पटेल प्रभारी संयुक्त संचालक मेडिकल सुपरिंटेंडेंट जीएमसी कोरबा, डॉ. जीएस जात्रा प्रभारी ब्लड बैंक जीएमसी कोरबा एवं डीपीएम पदमाकर शिंदे भी उपस्थित थे। समस्त ब्लड बैंक एवं चिकित्सालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। शिविर में 47 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केसरी के द्वारा बताया गया कि सभी स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकते हैं जिसकी आयु 18 से 65 वर्ष की हो और जिसका वजन 45 किलो ग्राम से कम ना हो। रक्त 72 घंटों में पुनःशरीर में निर्माण हो जाता है।

## कांग्रेस कार्यालय के स्टेशनरी में लगी आग

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डीएम रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में देर शाम को अचानक पुस्तक कॉपी में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना पर कांग्रेस के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे लेकिन आग फैलने से पहले ही आग को आसानी से काबू कर लिया गया था। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से कांग्रेस कार्यालय के स्टेशनरी के समान में आगजनी की घटना हुई थी। हालांकि आगजनी की घटना से कार्यालय में रखे हजारों की स्टेशनरी जलकर खाक हो गई है लेकिन समय रहते आग को बुझा लिया गया जिससे आग ने विकराल रूप नहीं लिया।

## लक्ष्मी मरावी ने जीता तीन गोल्ड मेडल

**कोरबा।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम उतरदा निवासी लक्ष्मी प्रसाद मरावी का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश आयोध्या के लिऐ हुआ था। अयोध्या में यह आयोजन 4 जून से 7 जून तक भीमराव अम्बेडकर अंतर राष्ट्रीय स्टेडियम में संपन्न हुआ। लक्ष्मी प्रसाद मरावी अभी वर्तमान में 5वीं वाहिनी जगदलपुर कंगोली जिला बस्तर में पदस्थ हैं। लक्ष्मी प्रसाद मरावी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुऐ 5 किमी, 10 किमी व 1500 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर तीन गोल्ड मेडल जीता। लक्ष्मी एक गरीब साधारण परिवार से हैं वे अपने अथक प्रयास और मेहनत से प्रतिदिन दौड़ कर पुलिस में भर्ती हुआ। उसके एथलेटिक्स के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए छग मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ने उसका चयन किया था। लक्ष्मी प्रसाद मरावी ने बताया कि रोजाना सुबह 30 किमी और शाम को 40 किमी दौड़ कर रहा हूं।


## चार दिवसीय ब्लेंडेड मोड एफएलएन से शिक्षक हुए प्रशिक्षित

**हरदीबाजार।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार एफएलएन के तहत अंतर्गत मुख्य रूप से कक्षा पहली से तीसरी के बच्चों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्व की कक्षाओं एवं आयु समूह के बच्चों पर भी लगातार ध्यान देते हुए समर्थन करना होगा। उक्त उद्बोधन प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली श्यामानंद साहू ने प्रशिक्षण हाल में शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा। इससे पहले मां महाश्वेता के तैल चित्र पर धूप दीप प्रज्वलन एवं वंदना से विकासखण्ड के बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। बीआरसीसी राम गोपाल जायसवाल ने एफएलएन के लक्ष्य को सही समय व सही तरीके से प्राप्त करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम ने कार्यशाला की सार्थकता के लिए शिक्षकों को तन-मन से लग जाने हेतु प्रेरित किया।

### पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत बारी उमराव की दास्तां

# खम्भे लगे कनेक्शन दिए पर बिजली के लिए ग्रामीणों को सौर ऊर्जा का सहारा





पंचायत भवन जहां दिया गया बिजली कनेक्शन तथा वहां लगा हुआ विद्युत मीटर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पाली विकासखंड में स्थित ग्राम पंचायत बारी उमराव में परंपरागत बिजली की व्यवस्था से लोग अब तक वंचित हैं।

**खास बात**

- बीएसएनएल ने लगाया टावर, बिजली के अभाव में अब तक नहीं हुआ शुरू

इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने और सुविधा से लाभान्वित करने के लिए बिजली कंपनी के द्वारा खंबे लगाने से लेकर उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने का कार्य तो जरूर की गई, लेकिन क्षेत्र की जनता अभी भी सौर ऊर्जा पर ही टिकी हुई है। ग्रामीण समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर बिजली विभाग ने उनके गांव में खंभे और मीटर लगाने का काम आखिर किसलिए किया है।

कोरबा जिला मुख्यालय से 57 किलोमीटर दूर पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बारीउमरांव में बिजली को लेकर अजीबोगरीब स्थिति बनी हुई है। वह भी आजादी के 75 साल बीतने और अभिभाजित मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ गठन के 24 वर्ष बाद छत्तीसगढ़ के पावर हब कोरबा जिले का यह गाँव आज भी बिजली की सुविधा से कोसो दूर है। लगभग 500 की आबादी इस गांव में निवासरत है जो परंपरागत बिजली के मामले में केवल सपने देख रही है। लोग इसी बात से तसल्ली कर रहे हैं कि उनके गांव में 7 साल पहले बिजली के खंभे लगा दिए गए और उपभोक्ताओं के यहां कनेक्शन भी दे दिए गए। ग्रामीणों ने सोचा था कि दूसरे इलाकों की तरह उनके क्षेत्र भी बिजली से रोशन होगा लेकिन सब दिवास्वप्न हो गया।

**एक्टिव नहीं हुआ बीएसएनएल टावर**

भारत संचार निगम लिमिटेड के द्वारा इस गांव में सुविधा देने और मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी देने के लिए टॉवर तो खड़ा कर दिया, लेकिन वह केवल शो पीस ही बना हुआ है। दूसरी कंपनी से मिलने वाले नेटवर्क के सहारे स्थानीय लोग मोबाइल की उपयोगिता सुनिश्चित कर पा रहे हैं। यहां के बच्चे मोबाइल के लाईट से पढ़ाई करने को मजबूर है। शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**कुछ मोहल्लों में दिखी रोशनी**

ग्रामीणों ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ठेकेदार ने कई साल पहले उनके यहां बिजली के खंभे लगा दिए और बिजली की लाइन भी बिछाई मीटर भी लगे, लेकिन बिजली आज तक नहीं आई। कुछ मोहल्लों में महीने में एक या दो बार कुछ घंटों के लिए बिजली आती है, लेकिन कुछ मोहल्लों में आज तक बिजली नहीं आई है। बिना बिजली के विद्युत विभाग द्वारा भारी भरकम बिजली का बिल भेज दिया जाता है। भला हो ग्रामीणों ने अपनी समझदारी से सरकारी तंत्र पर दबाव बनाया और यहां सौर ऊर्जा की व्यवस्था कर ली जिससे उनके घरों को रोशनी मिल रही है और उनकी सामान्य जरूरत पूरी हो रही है।

## रेलवे साईडिंग के पास मिला अज्ञात युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के खदान के भीतर बने रेलवे ट्रेक पर एक अज्ञात युवक का शव मिलते ही खदान में यह खबर आग की तरह फैली और लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृत युवक की शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है।

मामला कुसमुण्डा थाना क्षेत्र के गेवरा रोड रेलवे साईडिंग और एसईसीएल के पुराने साईलो के पास घटित हुआ है जहां एक अज्ञात युवक का शव मिला है। मौके पर खून के निशान भी देखे गये है। सफेद शर्ट और ग्रे कलर की पेंट पहने हुए मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। जब लोगों ने युवक का शव देखा तो इस बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। मृतक कौन है इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उसके फोटोग्राफस आसपास के थाने में भेजे गये है।

**नाले के किनारे युवक की मिली लाश**



रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगानाला के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। इस सूचना पर सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरिया एवं टीम आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे तथा शव का निरीक्षण किए। शव धूप की वजह से काला पड़ गया है एवं डीकम्पोज की वजह से मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृत्यु के स्पष्ट कारण पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी, विनोद बने जिलाध्यक्ष



नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला इकाई कोरबा की नई कार्यकारिणी का गठन अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित बैठक में किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से विरोद भट्ट को कार्यकारिणी के नये जिला अध्यक्ष बनाए जाने के लिए निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सभी 41 समितियों के प्रबंधक उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

कटघोरा के अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में रविवार को कोरबा जिले में संचालित 41 समितियों के प्रबंधकों ने नई कार्यकारिणी के गठन के समय उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला इकाई कोरबा के नए जिलाध्यक्ष के रूप में विनोद भट्ट को चुना गया तथा जिला सलाहकार के रूप में समरेंद्र सिंह चुने गए। इसी तरह पांच उपाध्यक्ष अशोक दुबे, आनंद कौशिक, महेंद्र कश्यप, प्यारेलाल साहू, राजकुमार साहू, जिला सचिव के रूप में तुलेश्वर कौशिक, सहसचिव राधेश्याम कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष अरुण कश्यप तथा संरक्षक के पद पर चंद्रेश कश्यप, वीपी वैष्णव व नर्मदा देवांगन को चुना गया है। तुलेश्वर कौशिक, संगठन महामंत्री कमल दुबे, अरुण इजावा चुने गए। वहीं जिले के पांचो ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा बंसीलाल प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष पौड़ी परोड़ा राजेंद्र विंध्यराज, ब्लॉक अध्यक्ष पाली लता सिदार, ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा दुलीचंद धीवर, करतला ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर कैवर्त, संरक्षक पद पर चंद्रेश कश्यप, वेद प्रकाश वैष्णव, नर्मदा देवांगन, प्रदीप अग्रवाल, डाकेश्वर पांडे को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी गई।

## बिना सूचना के एक माह तक अनुपस्थित रहने पर सेवा की जाएगी समाप्त

**कोरबा।** ज़िला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विकासखंडों शिक्षा अधिकारियों बीआरसी प्राचार्य एवं सीएसी की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आहूत की गई। जिसमें एक माह तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी। उन्होंने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लक्ष्य बनाकर पढ़ाई व्यवस्था संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत ने सभी प्राचार्यों को इस साल 95 प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य रखते हुए कार्य योजना बनाने कहा गया। जिसमें ज़िले में संचालित 180 हाई हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों ने तैयारी की बात रखी। विकासखंड शिक्षा आधिकारियो को को लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर जर्जर व मरम्मत योग्य स्कूलों में स्वीकृत निर्माण कराते हुए व्यवस्था ठीक करने निर्देशित किया। ज़िला शिक्षा अधिकारी ने सभी सीएसी को यूडाइस को सत्यापन करने निर्देश दिये डीएमसी श्री मनोज पांडेय ने सभी स्कूलों में पुस्तक व गणवेश स्कूल खुलने से पहले वितरण करने निर्देशित किए।

## माइनिंग और ई एण्ड एम के कई अधिकारी बने जीएम

**कोरबा।** कोल इंडिया के माइनिंग और ईएंडएम संवर्ग के कई अधिकारी जीएम बन गए। इंटरव्यू बोर्ड ने उनके नाम की अनुशंसा कर दी है। अब आदेश निकलने की मात्र औपचारिकता होनी है। माइनिंग और ईएंडएम संवर्ग के अधिकारियों को ई-7 से ई-8 में प्रमोशन दिया जाना है। इसके लिए प्रबंधन ने विभिन्न तिथियों को इंटरव्यू लिया था। इंटरव्यू देने वाले अधिकारी विभिन्न सहायक कंपनियों में पदस्थापित हैं। प्रोन्नति के बाद उनका तबादला भी हो सकता है। अनुशंसित अधिकारियों की अद्यतन मंजूरी प्राप्त करने पर आदेश जारी किए जाएंगे। आदेश जारी होने की तिथि से प्रोन्नति प्रभावी होगी। पदस्थापन स्थान का उल्लेख आदेश में किया जायेगा।

## ट्रक ड्राइवरों से लूटपाट करने वाले बबली गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्रक चालकों को बीच रास्ते में रोककर लूटपाट करने वाले बबली गैंग के दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा है। दोनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटर सायकल व चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पकड़े गए लूटेरों का मानिकपुर चौकी पुलिस ने शहर में जुलूस भी निकाला गया।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सदगुरु ट्रांसपोर्ट के ट्रक चालक मनीष कुमार यादव पिता इंद्ल राम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 15 जून की शाम 5:30 बजे अज्ञात लोगों के द्वारा चाकू दिखाकर मनीष का मोबाइल एवं नगदी रक़म लूट कर ले गये। मुखबिर से मिली सूचना पर चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में बबली गैंग के आरोपी शिवम दास उर्फ़ बबली और उसके साथी सूरज यादव को पकड़कर उनके क़ब्ज़े से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा चाकू और लूटे गये मोबाइल, नगदी रक़म को जप्त कर आरोपियों को धारा 392,34 एवं 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ़्तार कर उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



बदमाशों का जुलस निकालती पुलिस।

## हनुमान मंदिर में चोरी

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छातापाठ निवासी खेम भारती बाबा गुरूजी उम्र 52 वर्ष पिता स्व धनीराम मंझवार गुरू श्री पंचदश नाम जुनाअखाडा दक्षिण मुखी हनुमान मदिंर दरबार आश्रम में लगभग 15 वर्षों से मंदिर में पूजापाठ में करते आ रहा है। 13 जून की शाम 5 बजे खेम भारती जब आश्रम पहुंचा तो देखा कि तख्त, गददा, एक मुखी रूद्राक्ष, तीन नग गौरी शंकर रूद्राक्ष एवं नगदी करीबन 10-15 हजार रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने से लगभग 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ है।

**न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला जांजगीर चांपा**

पक्षकार महेन्द्र कुमार पिता कवलसाय
बनाम
**ईश्तहार**

क्र.............../वा./तह.2022-23
शिवरीनारायण, दिनांक 24/5/2024
जावेगा।

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका महेन्द्र पिता/पति कवलसाय जाति केशरवानी साकिन शि.ना. तहसील शि.ना. जिला जांजगीर चांपा द्वारा उनके नाम पर ग्राम शि.ना. प.ह.नं. 8/ss16 रा.नि.मं शि.ना. तहसील शिवरीनारायण के राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 918/21, 918/22रकबा 0.0610, 0.00400 हे. कृषि भूमि दर्ज है जिसमें से रकबा .......... हेक्टे./एकड़ भूमि को आवासीय/व्यवसायिक/ औद्योगिक मद में परिवर्तन करये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई भी दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 29/06/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**शिवरीनारायण**

TOP IN JANJGIR

N·S·D·C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
कोर्स
0 MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
0 OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
0 DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
0 EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
0 डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
0 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यू., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रुकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोराइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI
Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथैरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509



# दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं वरुण

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल और नन्हीं बेटी के साथ दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने घर ढूंढ लिया है। वैसे वह कोई नया घर नहीं खरीद रहे हैं बल्कि उन्होंने किराए के घर में रहने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन ने मुंबई के जुहू एरिया में किराए पर एक सी-फेसिंग अपार्टमेंट लिया है, जहां वह पत्नी नताशा दलाल और अपनी नन्ही परी के साथ शिफ्ट होने वाले हैं। यह अपार्टमेंट किसी और का नहीं बल्कि ऋतिक रोशन का है। इसी बिल्डिंग में अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला भी रहते हैं। इस तरह दोनों वरुण धवन के पड़ोसी होंगे।

लाइफ Style




# सोनम
## कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी (सोनम बाजवा और एमी विर्क) जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है।

हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विनिंग का बनेंगे हिस्सा

**लॉस एंजिलस।** अभिनेता माइल्स टेलर के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। टेलर ने पैरामाउंट पिक्चर्स की 1982 की क्लासिक फिल्म 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' के आधुनिक संस्करण से जुड़ने का फैसला किया है। फिल्म में अभिनेता अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाते नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेता को इस रोमांटिक ड्रामा में मूल फिल्म में रिचर्ड गेरे के जरिए निभाए गए किरदार जैक मेयो की भूमिका में देखा जाएगा।




# प्रियंका के जेठ केविन को हुआ स्किन कैंसर

**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद वो जोनस फैमिली के साथ वक्त बिताती हैं। हाल में ही उनकी जोनस फैमिली से एक बुरी खबर सामने आई। दरअसल प्रियंका चोपड़ा के जेठ को स्किन कैंसर हो गया, जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। हाल ही में गायक और प्रियंका चोपड़ा के जेठ केविन जोनास ने सुर्खियों में आ गए हैं क्योंकि उन्हें एक मस्से के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जब सिंगर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उन्हें स्किन कैंसर हो गया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया है और सर्जरी का बिफोर एंड आफ्टर वाला वीडियो भी बताया।



# 'दलदल' में बनेंगी पुलिस अफसर


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर जल्द ही वेबसीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने बताया कि 'दलदल' एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है। रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली महिला है। भूमि पेडनेकर ने कहा कि वेबसीरीज दलदल का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है।




# 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज टली

**मुंबई।** अक्षय कुमार के प्रशंसक लंबे समय से उनके कॉमेडी अवतार में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी मशहूर कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान कर उन्हें तोहफा दिया था। यह फिल्म इस साल 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब एक ऐसी चर्चा चल पड़ी है, जिसे सुनकर प्रशंसक मायूस हो सकते हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिरोज नाडियाडवाला फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया, 'वेलकम टू द जंगल' को बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसका पहला शेड्यूल हाल ही में मई में पूरा हुआ है। महाराष्ट्र में इसकी शूटिंग काफी लंबी चली, जिसमें पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी।

टीवी मसाला



# 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की कुर्सी संभालेंगी करिश्मा...

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शोज को लेकर भी दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को अपने शो की ओर आकर्षित करने के लिए निर्माता भी नए-नए पैंतरे अपनाते रहते हैं। अब खबर है कि करिश्मा कपूर को 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खुद करिश्मा भी शो से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

***मलाइका, सोनाली के बाद करिश्मा करेंगी जज :*** रिपोर्ट के मुताबिक, करिश्मा डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के चौथे सीजन में जज की भूमिका निभाने वाली हैं। उन्होंने शो में सोनाली बेंद्रे की जगह ली है। शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा को शामिल किया गया था। सूत्र के मुताबिक, निर्माता इस बार एक नई बॉलीवुड अभिनेत्री की तलाश में थे। करिश्मा न सिर्फ एक बेहतरीन डांसर रही हैं, बल्कि प्रशंसकों के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी जबरदस्त है।

***शो से जुड़कर खुश हैं करिश्मा :*** सूत्र ने यह भी बताया कि करिश्मा के पास जब इस शो को जज करने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसके लिए फौरन रजामंदी दे दी। करिश्मा इस शो की शुरू से ही प्रशंसक रही हैं। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए हां कहने में देर नहीं लगाई। दिलचस्प बात यह है कि करिश्मा पहले ही इस शो से गेस्ट जज के रूप में पहले जुड़ चुकी हैं। टेरेंस लुईस और गीता कपूर जज पैनल में उनके साथ दिखाई देंगी।

### 2020 में आया था शो का पहला सीजन

'इंडियाज बेस्ट डांसर' फ्रेम्स प्रोडक्शन इंडिया के बैनर तले बना एक लोकप्रिय रिएलिटी शो है। इसके पहला सीजन 2020 में आया था और दूसरे सीजन की शुरुआत 16 अक्टूबर, 2021 में हुई थी। शो के पहले सीजन के विजेता हरियाणा के टाइगर पॉप थे। सौम्या कांबले ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर 2' की ट्रॉफी अपने नाम की थी और तीसरे सीजन के विजेता समर्पण लामा थे। 30 सितंबर, 2023 को तीसरे सीजन का फिनाले हुआ था।

### करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में आएंगी नजर

करिश्मा ने 'कुली नंबर 1' से लेकर 'राजा हिन्दुस्तानी' और 'दिल तो पागल है' से लेकर 'अंदाज अपना अपना' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया है। पिछली बार करिश्मा फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जल्द ही करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आएंगी, जिसमें वह एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली हैं। उनके किरदार का नाम रीता 'ब्राउन' है। इसके लिए उन्होंने बंगाली भाषा भी सीखी है।

# सलमान ही नहीं, इन बॉलीवुड सितारों ने भी फरमाया पाकिस्तानियों से इश्क

*मुंबई। कहावत है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। ये केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि हमें असल जिंदगी में भी देखने को मिली है। भारत और पाकिस्तान के बीच उलझे संबंधों की सीमा को पार कर बहुत से बॉलीवुड सितारों ने पाकिस्तानी हस्तियों से इश्क फरमाया है। आज हम आपको ऐसे बॉलीवुड सितारों से मिलवाएंगे, जिनका रिश्ता पाकिस्तानियों से रहा है।*

***सलमान और सुष्मिता सेन :*** *सलमान का पाकिस्तानी अदाकारा सोमी अली के साथ रिश्ता खूब चर्चा बटोरता है। सोमी, सलमान की वजह से ही भारत आई थीं। वह सलमान के साथ 8 साल तक रिश्ते में रही थीं। हालांकि, फिर दोनों का ब्रेकअप हो गया था। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम और सुष्मिता सेन का रिश्ता एक समय चर्चा का विषय था। वे 2008 में रियलिटी शो 'एक खिलाड़ी एक हसीना' पर मिले थे। ऐसी अफवाहें भी उड़ी थीं कि दोनों शादी रचाने वाले हैं।*



***रेखा और जीनत अमान :*** *पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जब 1970 के दशक में भारत दौरे पर आई थी, तब पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान को दिल दे बैठे थे। हालांकि, उनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला था। इमरान के बारे में यह भी अफवाह थी कि उनका मशहूर अदाकारा रेखा के साथ भी रिश्ता था। 1985 में, रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे एक-दूसरे के करीब थे और शादी करने की योजना बना रहे थे।*



***रीना रॉय और अश्मित पटेल :*** *रीना रॉय ने 1983 में पाकिस्तानी क्रिकेटर और अभिनेता मोहसिन खान से शादी की थी। दोनों की एक बेटी है जिसका नाम सनम खान है। हालांकि, 1990 में उनका तलाक हो गया था। पाकिस्तानी अदाकारा वीना मलिक ने बिग बॉस में आकर खूब सुर्खियां बटोरीं थीं और इसका एक बड़ा कारण भारतीय अभिनेता अश्मित पटेल थे। रियलिटी शो में इनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।*



***अमृता अरोड़ा और अमृता राव :*** *अभिनेत्री अमृता अरोड़ा का पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान अफजल के साथ रिश्ता था। दोनों ने अपना रिश्ता सार्वजनिक रखा था। हालांकि, रिश्ते में दूरी के चलते वे अलग हो गए थे। अमृता राव ने कथित तौर पर 2008 में पाकिस्तानी संगीतकार फरहान सईद को डेट किया था।*

# फिल्म फेस्टिवल में एकलव्य की 'सरनेम' को दो अवार्ड ...



**मुंबई।** हिमाचल के जिला कांगड़ा को गुजरात में बड़ा सम्मान मिला है। अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'सरनेम' शार्ट फिल्म को दो अवार्ड मिले हैं। बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिलने से फिल्म निर्माताओं की बांछे खिल गई हैं। जिला कांगड़ा से ताल्लुक रखने वाले एकलव्य सेन की शार्ट फिल्म 'सरनेम' एक बार फिर सुर्खियों में है। 'सरनेम' ने दो नॉमिनेशन हासिल किए थे। इसमें बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस का अवार्ड समायरा को मिला, जिन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई थी। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड कुलदीप सिंह को मिला, जो कि खुद भी फिल्म निर्देशन का कार्य करते हैं। 'सरनेम' शार्ट फिल्म अभी तक 29 फिल्म फेस्टिवल में चयनित हो चुकी है।

## 16 जून को मिथुन दा ने मनाया 74वां जन्मदिन, 'मृगया' से मिली बॉलीवुड में पहचान

# मिथुन दा एक्टर से पहले थे नक्सली, कचरे के ढेर में मिली थी बेटी

*मुंबई। बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हुए, जिन्होंने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया। मिथुन चक्रवर्ती भी उन्हीं कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने हुनर से हिंदी सिनेमा में अपना सिक्का जमाया और कई यादगार फिल्में देकर दर्शकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई। आज यानी 16 जून को मिथुन दा अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। आपको मालूम होना चाहिए कि मिथुन चक्रवर्ती एक्टर बनने से पहले नक्सली थे।*

### फिल्मों में आने से पहले थे नक्सली

कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन करने के बाद मिथुन का झुकाव नक्सलवाद की तरफ हो गया था। वो परिवार छोड़ नक्सलियों के साथ रहने लगे थे। उसी बीच एक दुर्घटना में उनके भाई की मौत हो गई। वह अपने परिवार के पास वापस आ गए और नक्सली दुनिया छोड़ दी। उधर सांवले रंग के चलते मिथुन संग कोई बड़ी हीरोइन काम करने को तैयार नहीं थीं। मिथुन का नाम सामने आते ही वो फिल्म से बाहर हो जाती थीं।

### फुटपाथ पर बिताए दिन

मिथुन ने बताया था कि उन्होंने अपना काफी वक्त फुटपाथ पर सोते हुए बिता दिया। कई-कई दिन तो वह भूखे पेट ही सोते थे और रोते थे। कई दिन तो ऐसा होता था, जब उन्हें सोचना पड़ता था कि अगले दिन का खाना कैसे मिलेगा और वह कहां जाकर सोएंगे। पैसे कमाने के लिए जब उन्हें कुछ नहीं सूझा तो मिथुन ने अपनी प्रतिभा की तरफ रुख किया। वह बड़ी पार्टियों में डांस करके रोजी-रोटी चलाते थे।



### कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी बेटी

मिथुन के 3 बेटे और 1 बेटी हैं। बेटी दिशानी को उन्होंने गोद लिया था। दिशानी को गोद लिए जाने की कहानी भी बड़ी भावुक है। दरअसल, मिथुन को दिशानी एक कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी। उस बच्ची को एनजीओ ने बचाया और अपने पास सुरक्षित रखा। वह उस वक्त नाजुक हालत में थी। जैसे ही मिथुन को इस बारे में पता चला, वह तुरंत उससे मिलने पहुंचे और तब उन्होंने उस बच्ची को गोद ले लिया था।



### हेलन के असिस्टेंट थे मिथुन

शुरुआती दौर में जब मिथुन काम की तलाश में मायानगरी मुंबई पहुंचे तो उन्हें कोई काम देने के लिए तैयार नहीं था। वह काम की तलाश में दर-दर भटकते रहे। फिर उन्हें बाद में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हेलन का असिस्टेंट बनने का मौका मिला। इसके बाद वह धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से जुड़ते चले गए। यहां से उनकी गाड़ी निकल पड़ी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए। सालों इंतजार के बाद मिथुन को 'मृगया' से बॉलीवुड में पहचान मिली।

### ...जब भूख के मारे नहीं निकली आवाज

मिथुन दा ने बताया कि कई बार हुआ, जब मिथुन ने भूखे पेट रातें गुजारीं। 'मृगया' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद जब एक पत्रकार उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तो भूख के मारे उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। उन्होंने उससे कहा कि पहले खाना खिलाओ फिर इंटरव्यू देंगे।

## खबर संक्षेप

### ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़ा मंगल हनुमत दर्शनमहायोग आज

**जांजगीर-चांपा।** ज्येष्ठ माह का चार मंगलवार बड़ा मंगलवार विशेष हनुमत दर्शन महा योग होता है। अतिम बड़ा मंगल है। इस दिन प्रयागराज, बनारस, अयोघ्या के गली गली के हनुमान मंदिरों में कई धार्मिक अनुष्ठान राम चरित मानस का गायन भंडारा का आयोजन किऐ जाते है प्रत्येक हनुमानजी के मंदिरों में भक्तों का मेला सा लग जाता है। बड़ा मंगल मनाने का पुर्ण रुप से ज्येष्ठमास के भीषण तपती गर्मी में राहगीरों को आहार के साथ शीतल पेय प्रदान करना है। जिससे भीषण गर्मी में कोई भुखा न रहे प्रचलन में नहीं होने एवं जानकारी के अभाव में नहीं मनाते है। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की राम भक्त हनुमान जी ग्यारहों रुद्र के अवतार है वहीं निर्जला एकादशी ग्यारस पड़ा हुआ है। अदभुत संयोग बड़ा मंगल पर दक्षिण मुख वाले हनुमान जी की पूजा अचूक मानी जाती। इसके अलावा आप किसी भी हनुमान जी के मंदिर में सेन्दुर चोला लगा सकते है। इस दिवस भक्त अपने हाथ से हनुमान जी को चोला अवश्य लगावें एंव हनुमान जी कों एक सरसों तेल का दीपक दीप दान कर अवश्य दर्शन करें। विषेश हनुमत दर्शन महा योग बड़ा मंगलवार के अवसर पर श्री दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान मंदिर जांजगीर में शायकाल 6:30 बजे सेन्दुराभिषेक चोला बंदन, 7 बजे हनुमान जी की महा आरती 8 बजे से सामुहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ हनुमान चालीसा का पाठ किया जावेगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को माननीय राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है को यह पुरस्कार (एक पदक, प्रमाण-पत्र/प्रशस्ति-पत्र) प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। उपरोक्तानुसार जिले के बच्चों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देने की दृष्टि से अधिक से अधिक योग्य बच्चों को ऑनलाइन नामांकित किया जा सकता है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा का सीबीएस के लिए चयन

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा की छात्रा कु.प्रियंका पटेल का चयन छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े



विज्ञान अनुसंधान संस्थान सेंटर फॉर बेसिक साइंसर रायपुर, जो कि पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से संबंधित है, के लिए हुआ है। जहां कुल 60 सीट के लिए 20 गणित संकाय और 20 जीव विज्ञान संकाय का तथा 20 पेमेंट सीट के लिए 1300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया था। इस संस्थान का उद्देश्य यूजी और पीजी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा प्रदान करना है। संस्थान का मुख्य फोकस विज्ञान शिक्षा को अनुसंधान के साथ एकीकृत करना है। साथ ही संस्थान उच्च नैतिक मूल्य को प्रदान करने और सामाजिक और पर्यावरण जागरूकता पैदा करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।इस हेतु यहां अनुभवी विषय विशेषज्ञ, साइंटिस्ट फैकल्टी मेंबर के मार्गदर्शन में 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएससी एमएससी करने के अलावा अन्य उत्कृष्ट संस्थानों में भी इंटर्नशिप करने का अवसर मिलता है। यहां प्रति महीने 5000 का स्कॉलरशिप भी छात्रों को दी जाती है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर भर्ती, आवेदन 2 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवाई एवं बनारी के आंगनबाड़ी केन्द्र सेवई डीहपारा एवं बनारी सबरिया डेरा में सहायिका पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण उक्त ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 18 जून से 2 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर में सीधे जमा किया जा सकता है।

### ईदगाह में अदा की गई नमाज, एक-दूसरे से गले मिलकर दी बधाई

# हर्षोल्लास के साथ मनी बकरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाने वाला मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्यौहार ईद-उल-अजहा नगर में बड़े धूम-धाम से मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही नगर के विभिन्न ईदगाहों में नगर एवं आस-पास क्षेत्रों के मुस्लिम समाज के छोटे-बड़े बुजुर्ग नये परिधान के साथ ईदगाह पहुंचकर सबसे पहले ईद की विषेश नमाज अदा की। इसी कड़ी में नगर के शारदा चौक स्थित ईदगाह और नैला अवस्थित ईदगाह में प्रातः 8.30 बजे मदीना मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज शराफत अली एवं इमामत हाफिज ओ कारी मो. मिकाईल रजा के साथ हाफिज अब्दुल कारिद द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा करायी गई। नगर के अन्य समाज के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर मुसलन भाईयों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। मदरसा ए मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी और गौसिया अंजुमन यंग कमेटी जांजगीर के सदस्य शहबाज खान द्वारा इस्तकबाल किया। इस दौरान विधायक ब्यास कश्यप रमेश पैगवार, नपा अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, विवेक सिसोदिया, चुन्नु थवाईत, राजू शर्मा, रामकुमार यादव, परमेश्वर निर्मले, दिनेश महंत, जयसिंह राठौर, सुनील अग्रवाल सहित मुस्लिम समाज के रफीक खान, अरमान खान, पप्पू खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




ईद उल अजहा पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देते जनप्रतिनिधि।

## हर्षोल्लास से मनाया गया बकरीद

**अकलतरा।** नगर एवं क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार मुस्लिम समाज के द्वारा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के बलौदा रोड स्थित शाही ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम अमजद अली के मार्गदर्शन में सुबह 8 बज कर 15 मिनट पर ईद उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के सदस्यों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी गई। मौके पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, हाजी मौलाना असरफ खान, हाफिज फ़रीद, हाजी शाहनवाज खान, हाजी मुस्ताक मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हाजी ईस्माइल खत्री, तनवीर आलम, सैयद इरशाद, मून खान, वसीम साबरी आदि उपस्थित थे।



## ईदगाह में खास नमाज अदा कर मांगी गई अमन चैन की दुआ



**सक्ती।** नगर मे सुन्नी मुस्लिम जमात सक्ती के द्वारा सोमवार को ईद-उल-अज़हा का पर्व बड़े ही हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित ईदगाह मे मस्जिद की घड़ी के मुताबिक ठीक सुबह 9 बजे नगर के पेशइमाम हजरत मोईन रजा के द्वारा ईद-उल-अज़हा की खास नमाज़ मुस्लिम भाईयों को नमाज अदा करवाई गई नमाज़ पश्चात मुल्क के अमन व चैन तथा विश्व की शांति कि दुआ मांगी गई। जिला के पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टि से ईदगाह मे मुस्तैद थे, ईदगाह मे नमाज़ अदा करने के फौरन बाद मुस्लिम भाईयों ने आखिरी मंजिल कब्रिस्तान पहुँचकर अपने पुरखो के हक मे दुआ मांगी गई, ईद-उल-अज़हा के मौके पर घर पहूंच कर कुर्बानी दी गई परम्परा के अनुसार कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सो मे बराबर-बराबर हिस्सा किया गया जिसमें एक हिस्सा गरीबो को बांटा गया, दुसरा हिस्सा दोस्तों व रिश्तेदारों मे बांटी गई तथा तीसरे हिस्से को घर में रखा गया।



कोसमंदा रेलवे फाटक खुलने का इंतजार करते लोग।

# कलेक्टर ने दिव्यांग खिलाड़ी को बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए दी सामग्री

### दिव्यांग इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

दिव्यांग इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग के लिए जिले से चयनित खिलाड़ी को ट्रेक शूट, टी-शर्ट, नये शू, बैट और बाल देकर बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

ज्ञात हो कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट परिसर पर अपने कार्यालय कक्ष में दिव्यांग इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग के लिए जिले से चयनित खिलाड़ी पीलाबाबू सतनामी को ट्रेक शूट, टी-शर्ट, नये शू, बैट और बाल देकर बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी 1 समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग सीजन 5 का आयोजन 18 से 23 जून तक बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल द्वारका सेक्टर 12, नई दिल्ली में आयोजन होने जा रहा है। जिसमे सक्ती जिले से दिव्यांग खिलाड़ी पीलाबाबू सतनामी का भी चयन हुआ है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, समाज कल्याण विभाग उपसंचालक सुनील मिश्रा, खेल अधिकारी हरी पटेल उपस्थित थे।

# कोसमंदा रेलवे फाटक बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

गौरतलब है कि रेलवे प्रशासन द्वारा एक और जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। आए दिन मालगाड़ी को समपार वाले रास्ते पर खड़ा कर दिया जाता है। इस तरह की समस्या विगत 5 सालों से बनी हुई है, लेकिन रेलवे विभाग का जिम्मेदार आमला समस्या को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते कोसमंदा के अलावा सिवनी-चांपा, बालपुर, कमरीद, जाटा, पचोरी समेत अन्य गांव के लोगों को इस मार्ग से होकर आने



जाने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसके अलावा कई लोग अपनी जान जोखिम में डालकर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से होकर आवाजाही करते हैं। ऐसे में जान जाने की संभावना भी बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार रेलवे प्रशासन अमला इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। इसके अलावा बालपुर, सिवनी, उमरेली जाने वाले मार्ग पर भी रेलवे लाइन पड़ता है। इस मार्ग से होकर भी लोग सक्ती, बाराद्वार, कोरबा सहित अन्य मार्गों की ओर बड़े पैमाने पर आवाजाही करते हैं।

# नई शिक्षा नीति के तहत दो चरणों में दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

विकासखंड नवागढ़ में नई शिक्षा नीति के तहत एफ. एल. एन का चार दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में जोन क्रमांक 3, शिवरीनारायण में किया गया। इसका प्रथम चरण 10 से 13 जून तक एवं द्वितीय चरण 14 से 17 जून तक रहा।

इस प्रशिक्षण के दोनों चरणों के पहले दिन, एनईपी, एनसीएफ, बुनियादी भाषा शिक्षण, हिंदी की पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका के समग्र उपयोग; दूसरे दिन एनसीएफ के अंतर्गत गणित शिक्षण की रणनीतियां, गणित शिक्षण के चार ब्लॉक, गणित की पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका के समग्र उपयोग;

- बेहतर क्रियान्यन के के साथ शिक्षा नीति के संबंध में दी गई जानकारी




प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षक।

तीसरे दिन लेखन और उसके प्रकार, बहुभाषी शिक्षण,विद्या प्रवेश, जादुई पिटारा; चौथे दिन पुस्तकालय और 100 प्रतिशत बच्चों को कक्षा स्तर पर पहुंचने की योजना के अंतर्गत नवाजतन पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत मुख्यतः यह बताया गया कि बच्चों को सीखना कैसे सिखाना है एवं किन माध्यमों से 100 प्रतिशत बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता तक पहुंचा जा सकता है। जहां तक सत्र संचालन की बात रही। तो सत्र बहुत ही सुचारू रूप से चला। साथ ही उपस्थित प्रशिक्षकों ने यह भर्षक प्रयास किया कि ऑनलाइन सत्र में जिन मुद्दों को लेकर बातचीत हो गई थी। प्रशिक्षक के रूप में रोहित कुमार पटेल, खगेश्वर खूंटे, एरावत साहू, धनेश्वर देवांगन, गुरुबचन सिंह एवं सहयोगी के रूप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से मनीष गुप्ता रहे। द्वितीय चरण के द्वितीय दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा बेहतर क्रियान्वयन के दिशा निर्देश तथा नई शिक्षा नीति के संबंध में विस्कृत जानकारी दी गई। द्वितीय चरण के अंतिम दिवस को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी इंद्रमणि सिंह एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, शिवरीनारायण के प्राचार्य बसंत देवांगन के साथ शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला, शिवरीनारायण के प्रधान पाठक ओमप्रकाश शमी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर विकासखंड के इस जोन में सत्र समयानुसार प्रारंभ हुआ और उसमें शिक्षकों की भी भागीदारी सक्रिय देखने को मिली। आगामी सप्ताह से शिक्षक एक नई ऊर्जा के साथ स्कूलों में अपनी शिक्षण को और बेहतर बना रहे होंगे।

# लायंस क्लब के पदाधिकारियों व नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

लायंस क्लब के नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के पूर्व जिला गवर्नर जे पी अग्रवाल मुख्य अतिथि, नितिन सलूजा शपथ अधिकारी एवं राजकुमार अग्रवाल व राजेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

**खास बातें**

- अग्रसेन भवन अकलतरा में हुआ आयोजन

शपथ अधिकारी नितिन सलूजा के द्वारा लायंस क्लब अकलतरा के नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष गगन सिंघानिया, सचिव अनिमेष केडिया एवं कोषाध्यक्ष मुकेश केडिया को पद एवं सेवा भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जेपी अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब का मूल वाक्य सेवा परमो धर्मः है। इसी वाक्य को आधार मानकर लायंस क्लब का गठन किया गया है। लायंस क्लब अकलतरा के द्वारा प्रारंभ से ही क्षेत्र में शिक्षा ,स्वास्थ्य एवं बुनियादी जरूरतों के क्षेत्र में सेवा कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में लायंस क्लब के द्वारा नगर में लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस विद्यालय से प्रतिवर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों का चयन ही इसके उत्कृष्टता का प्रमाण है। इस वर्ष भी विद्यालय की छात्रा सीमा चंदवानी का चयन नीट परीक्षा में हुआ है। इसके अकलतरा लायंस क्लब के सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई के अध्यक्ष विजय केडिया ने कहा कि लायंस क्लब अकलतरा का कमान नई पीढ़ी के युवा साथियों को उनकी योग्यता के आधार पर दिया जा रहा है। निश्चित रूप से वे लायंस क्लब के उद्देश्यों को पूरा करने में सफल होंगे। कार्यक्रम को नितिन सलूजा ,राजकुमार अग्रवाल ,राजेश अग्रवाल एवं पूर्व लायंस क्लब सदस्य कमल केडिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, दीनदयाल अग्रवाल, रतन बंसल, जुगल लिखमानियां, नरेश केडिया, विनोद सिंघानिया, नानक अग्रवाल, चंद्र मोहन सब्बरवाल, विनोद केडिया, चिट्टी बाबू, मदन जैन, नरेश अग्रवाल, चंद्रशेखर बगड़िया, डॉ रामायण सिंह, राजेश अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, सुमित प्रताप सिंह, यज्ञेश सिंह, हर्षवर्धन सिंह, सचिन केडिया, गोपेश तुलस्यान, अयन जैन, गोविंद मित्तल एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




शपथ लेते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

# नर्मदेश्वर शिव मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर भजन कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम रगजा में नर्मदेश्वर शिव मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। रूद्र सेवा संस्थान एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर को लेकर ग्रामीणों में अलग ही आस्था का सैलाब है और यहां विधि विधान से प्रतिदिन पूजा हो रही है।

प्रथम स्थापना दिवस पर भी पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया इस दिन भजन कीर्तन का भी भव्य आयोजन हुआ। आचार्य पंडित मिथिलेश्वरानंद दुबे के द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। आसपास के ग्रामीण भी इस अवसर पर मौजूद रहे। भक्तों ने भजन कीर्तन का आनंद लिया। रुद्र सेवा संस्थान के अध्यक्ष भवानी सिंह ठाकुर ने कहा कि भगवान शिव की कृपा सदैव ग्राम रगजा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हमेशा बनी रहे इसकी कामना की गई।महराज मिथिलेश्वर नंद दुबे,भीम महराज, सरपंच मोगरा कुरे,अजीत साहू,नेहरू उरांव,राधे उरांव, राजेन्द्र उरांव,प्रकाश महंत,अश्विनी साहू,परदेसी उरांव, सुंदर चौधरी, अरुण साहू, मनोज साहू, ईश्वरी सिदार, दीपमाला उरांव, दुर्गा यादव, मनीष कुरे, लखन महंत, कमल साहू, अशोक महंत, रजनी सिदार, नीलम पटेल, अकाश उरांव, रवि उरांव, जीवन साहू सहित अन्य लोगोंका योगदान रहा। प्रथम स्थापना दिवस पर भी पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण के साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।



पूजा अर्चना में शामिल श्रद्धालु।

# स्वर्णकार समाज के परिचय सम्मेलन में 24 सदस्यों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

स्वर्णकार समाज समिति द्वारा 16 जून को बलौदा के नवल भवन बलौदा में स्वर्णकार समाज के युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि जांजगीर जिले की नवनिर्वाचित सांसद श्री मति कमलेश जांगड़े और स्वर्णकार समाज समिति के अध्यक्ष संतोष सोनी की अध्यक्षता में और समाज के स्वजनों की उपस्तिथि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जांजगीर जिला के नव निर्वाचित सांसद कमलेश जांगड़े ने स्वर्णकार समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह मे दीप प्रज्वलन और पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े ने अपने उदबोधन मे कहा की सांसद चुने जाने के तुरंत बाद ही यह पहला अवसर मुझे स्वर्णकार समाज समिति ने दिया। कार्यक्रम में समाज के 24 सदस्यों का जिन्होंने प्रसाशनिक पदो मे रहते हुए समाज को गौरवान्वित किया, उन्हे समिति के द्वारा सम्मान किया गया। परिचय सम्मेलन में समाज के अविवाहित युवक युवतियों ने अपना परिचय समाज के समक्ष प्रस्तुत किये। वही कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। वहीं पर स्वर्णकार समाज समिति के अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि दीपावली के बाद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा और कथा के समय सांसद महोदया के द्वारा स्वर्णकार समिति के माध्यम से समाज को एक एम्बुलेंस देने की घोषणा की गई है। साथ ही समाज से चार जोडे तैयार होने पर सामूहिक विवाह करवाने की घोषणा की गई। सकार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के समस्त सदस्य अधिवक्ता संतोष सोनी, अधिवक्ता धनेंद्र, शिवराम, दीपक, मोहन मदन, के के सोनी, मोतीलाल, लक्ष्मी, नारायण, सोहन, राजा शिवकुमार, अनूप, संगीता, रेवती, रमा, ज्ञानी श्रॉफ, मीनाक्षी सोनी, गीता, राधिका के अलावा युवा संगठन के समस्त सदस्य मेरी युवा बहनों के समस्त सदस्य और स्वर्णकार समाज बलौदा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सोनी ने किया।



सम्मानित करते अतिथि।




| Janjgir To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 2499 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

